# BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

## संस्कृत मित्रम् भाग – 0

**Class : 4** **पाठ – 1 वर्ण–परिचयः** **Subject : SANSKRIT**

वर्ण – भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं।
वर्ण के दो भेद होते हैं।

1. स्वर वर्ण 2. व्यंजन वर्ण

स्वर – जो वर्ण बिना किसी वर्ण की सहायता के बोले जाते हैं, जिनके बोलने में मुँह से निकलने वाली श्वास–वायु कहीं नहीं अटकती है, उन्हें स्वर कहते हैं। इन्हें अय् के नाम से भी जानते हैं। संस्कृत में 13 स्वर हैं।

व्यंजन– जो वर्ण स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं, और जिनके बोलने में मुँह से निकलने वाली श्वास–वायु कहीं न कहीं अटकती है उन्हें व्यंजन कहते हैं। हल् के नाम से भी इन्हें जानते हैं। संस्कृत में 33 व्यंजन वर्ण हैं।

<u>अभ्यासः</u>

2. स्वर – व्यंजनानि पृथक् कृत्वा लिखत –
(स्वर – व्यंजनों को अलग करके लिखिए)

क्, आ, ऋ, ख्
च्, फ्, ऊ, ॠ
ए, स्, र्, ओ

स्वरः – आ, ऋ, ऊ, ॠ, ए, ओ
व्यंजनम् – क्, ख्, च्, फ्, स्, र्

3. वर्गानुसारेण वर्णानि लिखत –
(वर्गों के अनुसार वर्ण लिखिए)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कवर्ग – | क् | ख् | ग् | घ् | ङ् |
| चवर्ग – | च् | छ् | ज् | झ् | ञ् |
| टवर्ग – | ट् | ठ् | ड् | ढ् | ण् |
| तवर्ग – | त् | थ् | द् | ध् | न् |
| पवर्ग – | प् | फ् | ब् | भ् | म् |

4. चित्रों के साथ वर्णों को मिलाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | क | – | कमलम् |
| ख. | आ | – | आम्रम् |
| ग. | अ | – | अश्वः |
| घ. | घ | – | घटः |
| ङ. | ध | – | धनुः |
| च. | स | – | सर्पः |
| छ. | ग | – | गजः |
| ज. | ह | – | हरिणः |
| झ. | च | – | चटकाः |
| ञ. | ब | – | बकः |

5. (सृजनात्मकता)

अनुस्वार के स्थान पर पञ्चम वर्ण का प्रयोग करके चित्रों के नाम लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | चंचुः | – | चञ्चुः |
| ख. | दंडम् | – | दण्डः |
| ग. | कंबलः | – | कम्बलः |
| घ. | कंदुकम् | – | कन्दुकम् |
| ङ. | गंगा | – | गङ्गा |